भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-80
उत्तर देने की तारीख-22/07/2024

केरल में केंद्रीय विद्यालयों के लिए निधि का आवंटन

†80. श्री एम.के. राघवन:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास वित्त वर्ष 2023-24 और वित्त वर्ष 2024-25 के लिए केरल में केंद्रीय विद्यालयों हेतु आवंटित निधि के संबंध में डेटा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ख) क्या केरल के कोझीकोड में केवी नंबर 1 और केवी नंबर 2 के अवसंरचना विकास हेतु निधि आवंटित की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयंत चौधरी)

(क): केंद्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) को प्रतिवर्ष तीन अलग-अलग लेखा शीर्षों अर्थात वेतन, सामान्य और पूंजीगत परिसंपत्तियों के सृजन के तहत केंद्रीय विद्यालयों (केवि) को खोलने और उनके संचालन के लिए सहायता अनुदान के रूप में बजटीय सहायता प्रदान की जाती है। वित्त वर्ष 2023-24 और 2024-25 के दौरान केविसं को क्रमशः 8500.00 करोड़ रु. और 9302.67 करोड़ रु. (बजट अनुमान) की अनुदान सहायता आवंटित की गई है। केविसं को राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/विद्यालय-वार निधि आवंटित नहीं की जाती है।

(ख): केविसं से प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्ष 2023-24 के दौरान केवि संख्या 1 कोझीकोड, केरल के पुनर्निर्माण हेतु 350.00 लाख रु. की राशि जारी की गई थी। भवन का निर्माण पूरा हो चुका है और केवि नए भवन से काम कर रहा है। केवि नंबर 2 कोझीकोड, केरल अपने स्थायी भवन में काम कर रहा है और भवन के उन्नयन के लिए वर्ष 2023-24 के दौरान 5.91 लाख रु. जारी किए गए थे। इसके अलावा, केवि भवन का नियमित रखरखाव आवश्यकतानुसार केवि में उपलब्ध निधि से किया जा रहा है।

*****